अनुमंडल कार्यालय, शिवहर

(सामान्य प्रशाखा)

अल्पकालीन विज्ञप्ति संख्या–01 / 2023

मिशन निदेशक, बिहार महादलित विकास मिशन, पटना के पत्रांक 1272 दिनांक 02.05.2023 एवं जिला पदाधिकारी, शिवहर के पत्रांक 489 दिनांक 31.05.2023 द्वारा प्राप्त निदेशानुसार विकास मित्र नियोजन नियमावली 2010 के अनुरूप सर्वेक्षण के आधार पर महादलित बाहुल्य जाति के नियोजन हेतु प्रखण्ड विकास कार्यालय, पुरनहिया एवं प्रखण्ड विकास कार्यालय, डुमरी कटसरी के विकास मित्र के रिक्त पदों पर नियोजन हेतु विहित प्रपत्र में दिनांक 10.07.2023 से 24.07.2023 के अपराह्न तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

पात्रता एवं शर्ते :–

1. आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए।
2. आवेदक महादलित परिवार से होंगे, जिस महादलित जाति के विरूद्ध आरक्षित पद रिक्त है उसी जाति के अभ्यर्थी का चयन किया जाना है।
3. जिस पंचायत के विकास मित्र का चयन किया जाना है उसी पंचायत के निवासी का आवेदन पत्र प्राप्त किया जायेगा एवं अंतिम रूप से चयन उसी पंचायत के निवासी का किया जाना है।
4. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या समकक्ष होना चाहिए।
5. विकास मित्र के चयन में शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या समकक्ष नहीं मिलने की स्थिति में क्रमवार (1) नन–मैट्रिक (2) नवमी पास (3) आठवी पास) (4) सातवी पास (5) छठी पास (6) पाँचवॅा पास का चयन किया जाना है।
6. महिला आवेदक होने की स्थिति में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता नहीं मिलने पर साक्षर महिला का चयन किया जाना है।
7. मैट्रिक अथवा समकक्ष योग्यता में सर्वाधिक अंक प्रतिशत प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन किया जाना है।
8. चयनित विकास मित्र को प्रति माह 10,000 (दस हजार) रूपये मानदेय प्रखण्ड मिशन कार्यालय से भुगतान किया जायेगा।
9. अभ्यर्थी को जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र संबंधित अंचल अधिकारी / राजस्व अधिकारी से निर्गत प्रस्तुत किया जाना है।
10. शिवहर अनुमंडल अन्तर्गत पंचायतवार रिक्तियों की सूचना अनुमंडल / प्रखंड / अंचल के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जिला के वेबसाईट www.sheohar.nic.in पर भी उपलब्ध है।
11. विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि – 24.07.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
12. भरा हुआ आवेदन–पत्र अनुमंडल कार्यालय, शिवहर / प्रखण्ड विकास कार्यालय, पुरनहिया / डुमरी कटसरी में कार्यदिवस के दौरान कार्य अवधि में ही प्राप्त किये जायेंगे। किसी भी परिस्थिति में अंतिम तिथि एवं समय के बाद आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन–पत्र का प्रपत्र बिहार महादलित मिशन के बेवसाईट :–www.mahadalitmission.org पर उपलब्ध है। पंचायतवार रिक्तियों की विवरणी निम्न प्रकार है :–

क्रमांक	प्रखण्ड का नाम	पंचायत का नाम	रिक्त पद	आरक्षण कोटि
01	02	03	04	05
01	पुरनहिया	बराही जगदीश	01	चमार (महिला)
02	डुमरी कटसरी	फुलकाहाँ	01	चमार (सामान्य)

विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

अनुमंडल पदाधिकारी,
शिवहर।